(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

दूरभाषः (0755) 2761225, ई-मेलः *vidyabhartibpl@gmail.com*,

www.vidyabhartimp.org

पंजीयन क्र.-17195

पत्र क्रमांक : 38/2021 दिनांक-20/05/2021

प्रति,

श्रीमान व्यवस्थापक/प्राचार्य/प्रधानाचार्य
सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ....
मध्यभारत प्रान्त

विषय : लॉक डाउन -2021 की अवधि में किये गये सेवाकार्यों का वृत्त।

आदरणीय बन्धुवर,

सप्रेम नमस्कार।

प्रभु कृपा से आप सपरिवार स्वस्थ व सानन्द होंगे। कोविड महामारी के इस कालखण्ड में अपने आप को तथा परिवार को सुरक्षित रखते हुए समाज में सकारात्मक वातावरण निर्माण हो तथा पीड़ितों की यथा सम्भव सेवा की जा सके, इस उधेश्य को सामने रखकर अनेक सेवाभावी संगठन तथा निजी स्तर पर अनेक व्यक्ति सक्रियता से सेवाकार्य में लगे हुए हैं। विद्या भारती के कार्यकर्ता भी सदैव की भांति इस समय अपनी भूमिका का निर्वहन पूर्ण मनोयोग से कर रहे हैं।

अनेक स्थानो से संप्रेषण के सामान्य संसाधनो के माध्यम से हमारे कार्यकर्ताओं/समितियों/विद्यालयों के द्वारा किये जा रहे सेवाकार्यों तथा शासकीय चिकित्सा सेवाओं में किये जाने वाले सहयोग की जानकारी प्राप्त होती रहती है। गत वर्ष भी विद्या भारती ने सेवाकार्य का एक उल्लेखनीय वृत्त समाज के समक्ष प्रस्तुत किया था। वैसे भी किसी भी नैसर्गिक अथवा दुर्घटनावश उत्पन्न हुई आपदा में सेवाकार्य अथवा सहयोग की दृष्टि से समाज ने हमारे संगठन व संस्थाओं को सदैव सबसे आगे खड़ा पाया है। आज समाज संकट के इस कालखण्ड में भी हमारी ओर अपेक्षाभरी दृष्टि से देख रहा है।

हमारे विद्यालयों अथवा समितियों के द्वारा 2021 के लॉकडाउन के इस कालखण्ड में किये जा रहे सेवाकार्यों की जानकारी एकत्रित करने की दृष्टि से यह पत्र प्रेषित किया जा रहा है।

वर्तमान परिस्थिति में सेवाकार्यों के स्वरूप में गतवर्ष की तुलना में कुछ भिन्नता अवश्य होगी। कुछ नये आयाम भी जुड़े होंगे। आपसे निवेदन है कि आपके प्रान्त में 20 मई, 2021 तक किये गये सेवाकार्यों का वृत्त दिनांक 22 मई, 2021 तक प्रान्तीय कार्यालय पर अवश्य भिजवाएँ। ताकि प्रान्तीय कार्यालय द्वारा संकलित वृत्त दिनांक 24 मई, 2021 तक केन्द्रीय कार्यालय पर पहुँचाया जा सके।

इस सन्दर्भ में एक प्रारूप संलग्न है। इसके आधार पर सेवाकार्यों का वृत्त तैयार कर भेजना है। यदि कोई सेवाकार्य इन बिन्दुओं के अतिरिक्त भी है, तो उन्हें प्रथक से इंगित करें।

भवदीय

(शिरोमणि दुबे)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपिः-

1. मान. संगठन मंत्री/सहसंगठन मंत्री महोदय मध्यभारत प्रान्त।
2. श्रीमान प्रान्त प्रमुख/ समस्त विभाग समन्वयक मध्यभारत प्रान्त।

E:\Patil July 18-19\Sanskar Kendra

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान ''प्रज्ञादीप'' हर्षवर्धन नगर, भोपाल

लॉक-डाउन 2021 के अन्तर्गत किये गये सेवा कार्यों का वृत्त

क्रमांक	विद्यालय का नाम	अनाज पेकेट वितरण लाभार्थी संख्या	भोजन पेकेट वितरण लाभार्थी संख्या	दवा वितरण	सोशल मीडिया पर किये जाने वाले प्रयास	जन जागरण (सकारात्मक वातावरण का निर्माण)	कोविड सेन्टर हेतु भवन उपलब्ध कराना	वेक्सीनेशन सेन्टर हेतु भवन उपलब्ध कराना	मरीजों के आवागमन हेतु विद्यालय वाहन उपलब्ध कराना	मेडीकल स्टाफ के आवागमन हेतु वाहन उपलब्ध कराना	पीड़ित व्यक्ति/परिवार को आर्थिक सहयोग	आक्सीजन सिलेन्डर की उपलब्धता हेतु सहयोग
1												
2												
3												
4												
5												
6												
7												
8												
9												
10												
11												
12												
13												
14												
15												

विशेष- अन्य कार्य यदि कोई है तो यहाँ लिखे-